कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2022 / लखनऊःदिनांक 19 जनवरी, 2022

यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग की समय सारणी

राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेंटल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों (एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु यू0पी0 नीट यू0जी0 2021 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु समय–सारणी निम्नवत् हैः–

आन लाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 20 जनवरी, 2022 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 24 जनवरी 2022 तक
पंजीकृत अभ्यर्थियों के शैक्षणिक / जाति / अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन तथा धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 21 जनवरी 2022 से 25 जनवरी 2022 तक
पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट की घोषित किये जाने की तिथि	दिनांक 25 जनवरी 2022
कांउसिलिंग हेतु विकल्प (Choice) भरे जाने की तिथि	दिनांक 27 जनवरी 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) से दिनांक 31 जनवरी 2022 तक
सीट आंवटन के परिणाम की घोषणा	दिनांक 01 / 02 फरवरी 2022
आवंटन पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि तथा प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 02 फरवरी 2022 से दिनांक 05 फरवरी 2022

- कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थियों को वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण शुल्क रू0 2000 / – प्रथम व द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग हेतु ऑन–लाईन जमा करते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- पंजीकृत अभ्यर्थियों को अभिलेखों के सत्यापन हेतु अभ्यर्थी के स्वयं द्वारा चयन किये गये नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मूल अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि (Security Money) का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो **"महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0"(*Director General, Medical Education & Training, U.P.* payable at Lucknow)** के पक्ष मे देय होगा, अभिलेखों के सत्यापन के समय सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
- धरोहर धनराशि राजकीय क्षेत्र (मेडिकल / डेण्टल) हेतु रू0 30,000 / – (रू0 तीस हजार मात्र) तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज हेतु रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज हेतु रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख मात्र) का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट नोडल सेन्टर पर जमा किया जायेगा।
- ऐसे अभ्यर्थी जो स्टेट कोटा की राजकीय सीटों हेतु अर्ह है, ऐसे अभ्यर्थी धरोहर धनराशि के रूप में रू0 2.00 लाख का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जमा करता है तो वह राजकीय / निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 तथा रू0 1.00 लाख की धरोहर जमा करने पर राजकीय क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 तथा निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों की बी0डी0एस0 सीटों हेतु अर्ह होगा।
- केवल वही अभ्यर्थी च्वाईस फिलिंग (Choice filling) के लिये अर्ह होगें जिनके मूल अभिलेखों का सत्यापन नोडल सेन्टर द्वारा किया गया हो एवं उनकी धरोहर धनराशि (Security Money) जमा हो।
- अभ्यर्थी केवल वही विकल्प प्रस्तुत करें जिस कालेज में वह प्रवेश हेतु इच्छुक है, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये विकल्प पर आवंटन होने की दशा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश न लेने की दशा में धरोहर धनराशि (security Money) जब्त कर ली जायेगी।
- पंजीकृत अभ्यर्थियों को च्वाइस भरने के उपरान्त च्वाइस लॉक करना अनिवार्य होगा, च्वाइस लॉक न करने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आवंटन प्रकिया में सम्मलित नही किया जायेगा।
- महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.dgmeup.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या—एम0ई0—3 / 2022 / 138 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ / उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ, तथा प्रधानाचार्य / निदेशक, राजकीय मेडिकल कालेज, स्वशासी मेडिकल कालेज, निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेंटल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
6. मेसर्स, श्रेष्टा कमन्यूकेशन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर तथा झॉसी, दैनिक हिन्दुस्तान के इलाहाबाद तथा वाराणसी एवं अमर उजाला के आगरा, मुरादाबाद, अलीगढ, मेरठ तथा बरेली के संस्करणों में तथा दि टाइम्स ऑफ इण्डिया (अंग्रेजी) के लखनऊ संस्करण में दिनांक 20.01.2022 को सूक्ष्म अक्षरो, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।
7. डा0 बी0डी0 सिंह, सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
8. आहरण—वितरण अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय।
9. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ।

(महानिदेशक)
चिकित्सा शिक्षा